शीर्ष प्राथमिकता/महत्वपूर्ण

पत्रांकः 01/2019/ आर0जी0- **884** /दस-2019-106(03)/2019

प्रेषक,

राजेन्द्र कुमार तिवारी,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश ।

वित्त संसाधन(सामान्य)अनुभाग लखनऊः दिनांकः 16 सितम्बर, **2019**

विषयः वित्तीय वर्ष 2019- 20 हेतु कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा के सम्बन्ध में ।

महोदय,

वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों से सम्बन्धित विभागों के वार्षिक लक्ष्य निर्धारित किये गये है । निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष राजस्व विभागों द्वारा जनपदवार/माहवार लक्ष्यों की फॉट आपको प्रेषित की जा चुकी है ।

2. प्रदेश सरकार राज्य को विकास के पथ पर ले जाने हेतु कृत संकल्प है, जिसके लिये अधिक से अधिक राजस्व अर्जन करने की आवश्यकता है ताकि विकास कार्यो को वांछित गति प्रदान की जा सके। प्रदेश की कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियॉ राज्य के संसाधनों का प्रमुख स्रोत है।

3. ज्ञातव्य है कि कर एवं करेत्तर राजस्व प्राप्तियों की स्थिति की समीक्षा प्रत्येक माह मेरे स्तर पर तथा समय-समय पर मा0 मुख्यमंत्री जी के स्तर पर भी की जाती है। मा0 वित्त मंत्री जी द्वारा भी राजस्व प्राप्तियों की गहन समीक्षा की जा रही है, जिससे राजस्व प्राप्तियों में अपेक्षित वृद्धि लाई जा सके तथा जनकल्याणकारी योजनाओं हेतु ससमय धनराशि उपलब्ध हो सके।

अतः इस सम्बन्ध में आपसे अपेक्षा की जाती है कि अपने जनपद हेतु निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष सम्बन्धित विभागों की राजस्व वसूली की स्थिति की मदवार समीक्षा बैठक प्रत्येक 15 दिवस पर अपने नियंत्रणाधीन उपजिलाधिकारी एवं विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित करते हुये प्रत्येक माह में की गई समीक्षा की रिपोर्ट प्रत्येक दशा में अनुवर्ती माह की 5 तारीख तक वित्त विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ।

भवदीय,

(राजेन्द्र कुमार तिवारी)
मुख्य सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in